हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 20 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.3 डिग्री
न्यूनतम 19.9 डिग्री

12 जीवन में सच्चे सुख की प्राप्ति भक्ति, ज्ञान वैराग्य...



12 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान....



# विश्व विरासत दिवसः मध्यकाल में सरायों का था बेहद महत्व यात्रियों की सुविधाओं के लिए होती थी तमाम व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**पुरातत्व एवं संग्राहालय विभाग की ओर से हेरिटेज बैठक का हुआ आयोजन**

विश्व विरासत दिवस के दिन रविवार को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा एवं अंबाला धरोहर संरक्षण मंच द्वारा हेरिटेज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का विषय अंबाला के आसपास से दिल्ली का मध्यकालीन मार्ग रहा।

इसके अंतर्गत पुराने जीटी रोड पर स्थित सरायों की कार्य प्रणाली एवं संरचना पर चर्चा की गई। डीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर डॉ. चांद सिंह द्वारा वार्ता को लीड किया गया। हर्ष का टिल्ला पर आयोजित इस बैठक में मध्यकाल में सरायों के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया गया कि सफ़र पर जाने वाले यात्रियों के लिए रुकने हेतु इनका निर्माण किया जाता था। इसके अंदर एक प्रकार से छोटा नगर होता था जहां सभी जरुरी सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता था। सरायों में पीने व नहाने का पानी, भोजन, पशुओं के लिए चारा इत्यादि होता था। पशुओं को नाल लगाने वाले, औजार, गाड़ी मरम्मत वाले, मिट्टी के बर्तन बेचने वाले, नाई, धोबी, वैद्य इत्यादि होते थे। इसके अतिरिक्त लोगों के मनोरंजन के लिए नृतक, नृतिकाएं, संगीतकार आदि होते थे। सरायों का निर्माण एक निश्चित योजना के अंतर्गत किया जाता था। जिनमें मुख्य द्वार पर एक से दो मंजिल होते थे। द्वारपालों सहित सराय से जुड़े कर्मचारी यहां निवास करते थे। इसके अलावा सराय में शासकों द्वारा भटियारा समुदाय से लोगों नियुक्त किया जाता था। ताकि यात्रियों को प्रत्येक प्रकार की सुविधाएँ दी जा सकें। आगंतुकों के जान-माल की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी।

सराय में रुकने वालों में व्यापारी, तीर्थयात्री, सैनिक इत्यादि होते थे। सराय डाक चौंकी का काम भी करती थीं जिनके माध्यम से शासक तेजी से सूचनाएं घुड़सवारों के जरिए प्राप्त करते थे। डॉ. प्रदीप शर्मा स्नेही ने डॉ. चांद सिंह सहित सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस बैठक में डॉ. अमित चौधरी, डॉ. रामकुमार, डॉ. विजय सिंह, डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. जसमेर सिंह, डॉ. गरिमा सुमरान, डॉ. मधु गोयल, तुषार नरूला, साहिल शर्मा, राजेश कुमार एवं अभिनव गुप्त मौजूद थे।



अंबाला। सरायों के निर्माण को लेकर जानकारी देते डॉ. चांद सिंह।

## न्यू करनाल रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ई-रिक्शा चालकों ने किया हंगामा

■ पेट्रोल पंप के सामने सवारी बैठाने के लिए को लेकर हुई तकरार

**कैथल।** शहर के न्यू करनाल रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ई-रिक्शा चालकों द्वारा हंगामा कर दिया। इस दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने पंप पर सीमेंट के ब्लॉक पेट्रोल पंप पर फेंक दिए। सूचना पाकर पुलिस के मौके पर पहुंचने पर ई-रिक्शा चालक अपनी ई-रिक्शा छोड़कर फरार हो गए। इस घटना के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने पंप मालिक की शिकायत पर ई-रिक्शा चालकों व पंप कर्मियों को थाने में बुलाया। विवाद के कुछ समय के बाद ही दोनों पक्षों में समझौता हो गया। रविवार दोपहर करीब 2 बजे ई-रिक्शा चालक पंप के सामने सवारी बैठाने के लिए अपने वाहन खड़े कर रहे थे। पंप कर्मचारियों ने उन्हें वहां वाहन खड़ा करने से मना किया और रास्ता खाली रखने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर एक चालक ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद कई चालकों ने मिलकर सड़क पर पड़े सीमेंट के ब्लॉक उठाकर पंप की ओर फेंकने शुरू कर दिए।

## खबर संक्षेप

### 24 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार आक्रामक कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में अंबाला पुलिस के मजबूत सूचना तंत्र और मुस्तैदी के चलते एक और नशा तस्कर को सलाखों के पीछे भेजा गया है। एएनसी को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति करधान रोड, डांगरी बांध के पास नशा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 24 ग्राम हेरोइन, 1200 रुपए नकदी और दो आईफोन बरामद किया गया। आरोपी की पहचान सुमित कुमार वासी न्यू शक्ति नगर अंबाला छावनी के रूप में हुई है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित पकड़े

**अंबाला।** अनाज मंडी से गेहूं चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान दिलेर सिंह और साहिल कुमार निवासी शाहाबाद (कुरुक्षेत्र) के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी को बरामद किया है। गांव रजौली के हरविंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अनाज मंडी बराड़ा से चोरों ने गेहूं के सात कट्टे चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एएसआई राजकुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले भी शाहाबाद थाने में चोरी से संबंधित दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं।

### हत्या का भय दिखाकर किशोरी से रेप किया

**समालखा।** समालखा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी में पंद्रह वर्षीय किशोरी के साथ पडोस में निवास कर रहे युवक चाकू के बल पर उसकी व उसके परिवार की हत्या का भय दिखा और उसके साथ चार महीनों तक दुष्कर्म करता रहा। इधर, किशोरी ने हिम्मत जुटा कर इस घटना की जानकारी अपनी मां को दी। वहीं, पीडिता की माता की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। वहीं, पुलिस ने आरोपी गौतम पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनु भाटिया ने भी किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में संज्ञान लिया है।

### फारुख के हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी फारूक के सिर पर वार कर हत्या करने के आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार संदीप ने बताया कि फारूख की हत्या के आरोप में उसके पिता रोजू की शिकायत पर बीएनएस की धारा 103(1), 3(5) के तहत केस दर्ज है। थानेदार संदीप का दावा है कि दीपक ने अपने साथी आरोपी अरविंद के साथ मिलकर फारुख के सिर पर ईंट से वारकर हत्या करना स्वीकारा है। पुलिस का दावा है कि हत्यारोपी अरविंद को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मजदूर के 80 हजार चोरी, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि व मांडी रोड पर स्थित ओम ईंट भट्टे परिसर से राजकुमार निवासी रायबरेली, उत्तर प्रदेश से के कमरे से उसके ही साथ काम करने वाले तीन युवकों ने 80 हजार की नकदी चोरी कर ली। राजकुमार ने थाना इसराना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने निजी कार्य के लिए ईंट भट्टा मालिक से 80 हजार नकद एडवांस लिए थे। उसने यह पैसे अपने कमरे में एक काले रंग के बैग के अंदर रखे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ रहने वाले आकाश, भागीरथ व पप्पू तीनों रायबरेली जिला के पूरे धुरैया व कैलोली गांवों के निवासी है ने यह नगदी चोरी की है।

## अंबाला नगर परिषद के बड़े घोटाले का भंडाफोड़

# 25 ट्रैक्टरों के बिल की हो रही थी वसूली, जांच में 13 ही मिले

**छुट्टी के दिन अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो खुली पोल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सफाई के नाम पर नगर परिषद में हो रहे बड़े घोटाले का भंडाफोड़ हुआ है। यह खुलासा तब हुआ जब छुट्टी के दिन अधिकारियों की टीम ने सफाई में लगे संसाधानों औचक निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था की पोल खोलते हुए जांच में पाया गया कि नगर परिषद से 25 ट्रैक्टरों का बिल वसूल किया जा रहा है लेकिन मौके पर मात्र 13 ट्रैक्टर ही काम करते मिले। इतना ही नहीं, सफाई कर्मचारियों की हाजिरी में भी भारी फर्जीवाड़ा मिला है। कार्यकारी अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत उच्च स्तरीय जांच बैठा दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में तथ्य सही पाए गए, तो न केवल ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगेगा, बल्कि मुख्य सफाई निरीक्षक पर भी गाज गिरना तय है। हैरानी की बात है जिस सुपरवाइजर की निगरानी में यह काम चल रहा था, जब उससे पूछताछ की गई तो वो मौके से भाग गया। रविवार को जब विभागीय अधिकारियों ने रामबाग रोड स्थित दशहरा ग्राउंड में ट्रैक्टरों की गिनती शुरू की, तो उनके होश उड़ गए। जांच में सामने आया कि कई ट्रैक्टर बिना नंबर के सड़कों पर कचरा ढो रहे थे। कुछ ट्रैक्टरों पर दो अलग-अलग नंबर अंकित थे, जो बड़े कानूनी उल्लंघन और फर्जीवाड़े की ओर इशारा करते हैं। वहीं, मौके पर तैनात कर्मचारियों की संख्या भी स्वीकृत पदों से काफी कम पाई गई।

**कुछ ट्रैक्टरों पर दो अलग-अलग नंबर अंकित थे, जो बड़े फर्जीवाड़े की ओर इशारा करते हैं**




### मिल रही थी शिकायतें

नगर परिषद अधिकारियों को पिछले काफी समय से सफाई में बड़े स्तर पर धांधली होने की शिकायतें मिल रही थी। शिकायतों में सीधे आरोप लग रहे थे कि सफाई के नाम पर नगर परिषद में बड़ा घोटाला हो रहा है। हालांकि शिकायतों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतें यह भी स्पष्ट था कि ठेकेदार के जरिए हो रहे इस घोटाले में नगर परिषद की सफाई शाखा के भी कुछ अधिकारी मिले हैं। हालांकि जांच के बाद यह खुलासा होने की बात कही जा रही है।

### ड्यूटी से सफाई कर्मचारी गायब

जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि सफाई कार्य में लगे कई कर्मचारी गायब मिले जबकि उनकी हाजिरी रजिस्टर में निरंतर चल रही है। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि स्थायी कर्मचारियों ने अपनी जगह निजी कर्मचारी रखे हुए हैं जोकि उनकी जगह सफाई कार्य संभाल रहे हैं जबकि स्थायी कर्मचारी ऐश कर रहे हैं। पता चला है कि सफाई शाखा के अधिकारियों की सरपरस्ती में यह खेल चल रहा था। अब उच्चस्तरीय जांच में पूरे मामले की परतें खुलने की बात कही जा रही है। नगर परिषद के अधिकारियों की मानें तो जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## ढाबे की छत से नीचे गिरा युवक, मौत

■ मृतक की पहचान 31 साल के बुधराज के रूप में हुई

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में युवक ढाबे की छत से नीचे गिर गया। सिर में चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान 31 साल के बुधराज के रूप में हुई।

बुधराज गुमथला गढू गांव का रहने वाला था और मेहनत-मजदूरी का काम करता था। बुधराज की पत्नी उससे अलग रहती है और उसके दोनों बच्चे उसके ससुराल में रहते है। बुधराज 17 अप्रैल को घर से निकला था। बुधराज के चचेरे भाई नरेश कुमार ने बताया कि बुधराज पिहोवा में नवदीप मार्केट के पीछे ढाबे पर मजदूरी करने गया था। यहां काम करते समय बुधराज ढाबे की छत से नीचे गिर गया। नीचे गिरते ही उसके सिर में काफी ज्यादा चोट लग गई। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर पिहोवा के प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, पिहोवा पुलिस ने सूचना पाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र अनिकेत को रोटरी क्लब के सदस्यों ने किया सम्मानित

■ उप राष्ट्रपित ने छात्र को दीनबंधु सर छोटूराम यूनिवर्सिटी में दिया गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

दीनबंधु सर छोटूराम यूनिवर्सिटी मुरथल में कस्बा रादौर के छात्र अनिकेत सचदेवा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यह मेडल उप राष्टपति सीपी राधाकृष्ण द्वारा दिया गया है। बता दें कि अनिकेत मैकेनिकल इंजीनियर का छात्र है। उसके गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर अंतराष्टीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से उन्हें रविवार को रादौर में सम्मानित किया गया।

मौके पर क्लब के पूर्व प्रधान व मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी ने गोल्ड मेडलिस्ट अनिकेत सचदेवा को स्मृति चिन्ह भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। क्लब की ओर से उसे अनिकेत सचदेवा, उनकी माता चंचल सचदेवा व पिता लोकेश सचदेवा को शॉल ओढ़ाकर व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. एससी सैनी ने कहा कि गोल्ड मेडलिस्ट अनिकेत सचदेवा ने कड़ी मेहनत करके गोल्ड मेडल प्राप्त कर शहर व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनिकेत सचदेवा को देश के महामहिम उप राष्टपति सीपी राधाकृष्ण द्वारा गोल्ड मेडल व प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित करना बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर क्लब के सचिव भारत माटिया, पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, सचिन पुरूथी, संदीप सैनी, कोमल गुप्ता, रामकुमार धानोखेडी आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर स्थित गोल्ड मेडलिस्ट अनिकेत सचदेवा को सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

## वाहन चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने बरामद की चोरी की 3 मोटरसाइकिलें

■ आरोपी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव चांगनौली के पास से युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने तीन बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की तीनों बाइक बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर गांव चांगनौली होता हुआ जाने वाला है। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रणधीर सिंह , संदीप, जितेन्द्र, योगेश, संजीव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा संभावित स्थान पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की, तो मोटरसाइकिल के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। गहन पूछताछ करने पर उक्त मोटरसाइकिल चोरी की निकली। आरोपी ने स्वीकार किया कि यह बाइक उसने 16 अप्रैल को पंच मुखी मंदिर के बाहर से चोरी की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव चंदाखेड़ी निवासी सुनील सूरज कुमार उर्फ शिला के रूप में हुई। आरोपी से आगे पूछताछ करने पर उसके कब्जे से चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं।




## प्राचीन भगवान बलभद्र के मंदिर में अक्षय तृतीय पर लगा मेला

# श्रद्धालुओं ने भगवान बलभद्र के दर्शन और पूजा की

**उड़ीसा के भगवान जगन्नाथपुरी मंदिर के बाद उत्तर भारत में है यह दूसरा बलभद्र भगवान का प्राचीन मंदिर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्राचीन भगवान बलभद्र मंदिर धौलरा में अक्षय तृतीय के अवसर पर रविवार को एक दिवसीय मेले व दंगल का आयोजन किया गया। हरियाणा समेत अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भगवान बलभद्र के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति की मंगलकामना की। इस दौरान भंडारे व दंगल का आयोजन भी किया गया।

रविवार सुबह से ही भगवान बलभद्र के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गर्मी के बावजूद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी दिखाई नहीं दी। मेले में हरियाणा के साथ-साथ हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के श्रद्धालू शामिल हुए। मेले में मत्था टेकने आए श्रद्धालु रमेश कुमार, सुशील, पवन कुमार व गुरनाम सिंह संधु ने बताया कि उनकी मंदिर से आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर में मांगी गई हर मन्नत भगवान बलभद्र पूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि वह हर वर्ष अक्षय तृतीय के अवसर पर लगने वाले इस मंदिर में माथा टेकने के लिए आते हैं। उनका कहना है कि जो कोई भी व्यक्ति सच्चे मन व आस्था के साथ भगवान बलभद्र जी के इस मंदिर में मन्नत मांगता है उसकी हर मन्नंत पूरी होती है। मेले में आई महिलाओं व बच्चों ने मेले में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया।





### हजारों वर्ष पुरानी परंपरा

धौलरा के समाजसेवी गुरनाम सिंह धौलरा ने बताया कि मेले की यह परम्परा हजारों वर्ष पुरानी है। मंदिर में स्थापित मूर्ति हजारों वर्ष पूर्व यहां स्थित मणीकरण तालाब की खुदाई के दौरान मिली थी। तब गांव में भगवान बलभद्र जी के मंदिर की स्थापना की गई। यहां हर वर्ष मेले का आयोजन करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान बलभद्र के पूरे भारत में केवल दो ही मंदिर है, जिसमें से एक गांव धौलरा में तो दूसरा जगन्ननाथ पुरी में है। भगवान बलभद्र जी के मंदिर की पूरे देश में अपार आस्था है। जिस कारण यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते है।

## मोबाइल पर फर्जी लिंक भेजकर कर्मचारी के 4 लाख रुपये ठग

**कुरुक्षेत्र।** मोबाइल पर फर्जी लिंक भेजकर कर्मी के बैंक खाते से 4 लाख रुपये निकाल लिए गए। साइबर ठग ने कर्मी को कॉल करके पासबुक डाउनलोड का लालच दिया और एपीके फाइल क्लिक करवा दी। इसके बाद खाते से पैसे अपने आप कटने शुरू हो गए। हालांकि कर्मी ने बैंक को सूचित भी किया, लेकिन तब तक रकम निकल चुकी थी। पंकज कुमार निवासी लायलपुर कॉलोनी ने कहा कि वह सोनीपत में प्राइवेट नौकरी करता है। उसके पास दो बैंक खाते हैं और वह दोनों का ही इस्तेमाल करता है। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर फोन आया। दूसरी तरफ से बात करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। कॉलर ने कहा कि आपके अकाउंट में एम-पासबुक नहीं है, मैं आपको लिंक भेज रहा हूं। इसे क्लिक करके पासबुक डाउनलोड कर लीजिए। उसके तुरंत बाद मोबाइल नंबर से एपीके नाम का लिंक उसके फोन पर आ गई। मैंने सोचा कि बैंक की तरफ से आया है, इसलिए लिंक पर क्लिक कर दिया। लिंक पर क्लिक करते ही एक और नंबर से एक फोन आया, लेकिन मैंने उसे नहीं उठाया। कुछ देर बाद खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। पहले करीब ढाई लाख रुपये कट गए। उसने तुरंत 1930 पर फोन करके साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई और बैंक को फोन करके खाता फ्रीज करवा दिया। फिर भी उसके खाते से पैसे कटते रहे। उसके खाते दो बार में करीब डेढ लाख रुपये फिर भी रुपये कट गए।

## खबर संक्षेप



### भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलें

**रादौर।** ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को कस्बा की ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रधान जितेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलकर हमें समाज कल्याण के कार्यो को करना चाहिए। हमें समाज में फैले दहेज प्रथा, नशाखोरी व अन्य सामाजिक बुराईयों का विरोध करना चाहिए। भगवान परशुराम की तरह हर बुराई को हराकर समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान जितेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, बिंदु शर्मा, गौरव शर्मा, प्रकाश शर्मा, सुमित पंडित, हर्ष राणा, आयुष शर्मा, विपन कांबोज, अनूप बेदी, देवी प्रजापति, अनूप पांडे, आदित्य पटवारी, नेपाल राणा, पवन शर्मा, भरत शर्मा आदि मौजूद रहे।



### पासी समाज ने मांगों को लेकर सौंपा मांग पत्र

**रादौर।** पासी समाज सभा का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा से मिला। पासी समाज सभा के प्रधान सोमनाथ पासी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने नेपाल राणा ने पासी धर्मशाला रादौर के लिए 25 लाख रुपये की ग्रांटराशि की मांग की। मांग पत्र में पासी धर्मशाला की चारदीवारी, एक कमरे, रसोई, शौचालय व अन्य कार्य करवाने की मांग की गई। नेपाल राणा ने आश्वासन दिया कि पासी समाज की धर्मशाला के लिए जल्द ग्रांटराशि दिलवाई जायेगी। सरकार के पास विकास कार्यो के लिए ग्रांट की कोई कमी नहीं है। समाज के लोगों की मांग पर जल्द ग्रांटराशि दिलवा दी जायेगी। इस अवसर पर प्रधान सोमनाथ पासी, मंगतराम पासी, कर्मबीर, प्रदीप पासी, राजेश पासी, सोनू पासी, मंजीत पासी मौजूद रहे।



### कानून के दायरे में कर्त्तव्यों का करें पालन

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के द्वारा एडीआर सेंटर में नवनियुक्त पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए आरंभिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम सुमित्राकादियान ने की। पैनल अधिवक्ता वीपीएस सिंधु आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर को कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नवनियुक्त पैरा लीगल वालंटियर्स को संविधान के मुख्य प्रावधान जैसे मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य एवं राज्य के नीति निर्देशक तत्वों से परिचित करवाया गया। वहीं, नवनियुक्त पैरा लीगल वालंटियर्स को उनके लिए निर्धारित व्यवहार के बारे में भी बताया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने पैरा लीगल वालंटियर्स को आहवान किया कि वह कानूनी दायरे में रहते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें।

---

### बहमनी ने विरोध करने पर विपक्ष पर लगाया महिला विरोधी होने का आरोप

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण : मेयर

- कहा, महत्वपूर्ण विषय पर विपक्ष की ओर से व्यवधान उत्पन्न करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। नारी वंदन अधिनियम पर बातचीत करती मेयर सुमन बहमनी।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर नगर निगम मेयर ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए विपक्ष के रवैये पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने मेयर आवास में बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय लेने पर आभार जताया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक बड़ा और परिवर्तनकारी कदम है। जिससे देश की माताओं, बहनों और बेटियों को 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से नई ताकत और अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रख रही है। बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहभागी बनाकर सशक्त भारत की नींव रख रही है। मेयर सुमन बहमनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद में इस महत्वपूर्ण विषय पर जिस प्रकार का व्यवधान उत्पन्न किया है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। महिलाओं के अधिकारों से जुड़े इस ऐतिहासिक अवसर पर भी राजनीति करना नारी शक्ति के सम्मान के अनुरूप नहीं है। इस प्रकार के अवरोध केवल विकास की गति को धीमा करते हैं और देश की महिलाओं की अपेक्षाओं के साथ न्याय नहीं करते। मेयर सुमन बहमनी ने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं जागरूक हैं और वह यह भली भांति समझती हैं कि कौन उनके सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है और कौन इसमें बाधा बन रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश की महिलाएं अपने अधिकारों और सम्मान के पक्ष में सशक्त निर्णय लेंगी और ऐसे कृत्यों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब अवश्य देंगी।

## नारी शक्ति को अपनी आवाज बुलंद करने का करना होगा इंतजार

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित न के लिए विपक्ष को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

देश की आधी आबादी को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि इस बार भी केंद्र सरकार द्वारा सदन में रखा गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम विपक्ष द्वारा विरोध करने के कारण पारित नहीं हो सका। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानूनी प्रस्ताव ही नहीं था। बल्कि यह देश की उन करोड़ों बेटियों की आशा था जो लोकतंत्र में अपनी भागीदारी को और सशक्त होते



यमुनानगर। मीडिया से बातचीत करतीं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया। *फोटो : हरिभूमि*

देखना चाहती हैं। उक्त शब्द भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा अंबाला क्षेत्र के पार्टी की प्रत्याशी रही बंतो कटारिया ने कहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम उन माताओं का विश्वास था। जिन्होंने हमेशा समाज और परिवार को दिशा दी। लेकिन निर्णय लेने की सर्वोच्च संस्थाओं में उनकी भागीदारी अब भी सीमित रही। यह उन युवा छात्राओं का सपना था। जो राजनीति को केवल देखने नहीं। बल्कि उसे दिशा देने का साहस रखती हैं। यह उन लाखों महिलाओं की आकांक्षा का प्रतीक था जो पंचायतों और स्थानीय निकायों में नेतृत्व कर चुकी हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी का विस्तार चाहती हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि इस बार के संसद सत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास करवाने का भरसक प्रयत्न किया। मगर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के विरोध करने के कारण महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने का यह ऐतिहासिक अवसर आगे नहीं बढ़ सका। कांग्रेस व विपक्षी दलों के विरोध करने से देश की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों को प्रतीक्षा में छोड़ दिया है। भाजपा नेत्री बंतो कटारिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित नहीं होना केवल एक प्रक्रिया का रुकना नहीं है। बल्कि, यह एक भावनात्मक अपेक्षा का ठहर जाना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम यदि पारित हो जाता तो इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बन सकता था।

---

### स्पेशल अभियान चलाकर नियम का उल्लंघन करने वालों पर हो कार्रवाई

# सड़कों पर फराटा भर रहे बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, दहशत में राहगीर

- बिना नंबर प्लेट की बाइक का उपयोग नशा तस्करी की वारदातों में धड़ल्ले से हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला में आए दिन आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। आपराधी अपराध करके चले जाते हैं, पीछे लोग हाथ मलते रह जाते हैं। अगर वाहनों की बात करें तो जिन वाहनों पर अपराधी क्राइम करने आते हैं उन पर या तो नंबर प्लेट ही नहीं होती या फिर नंबर प्लेट गलत दर्ज होते हैं। कस्बा रादौर में भी इन दिनों बिना नंबर प्लेट की बाइक व अन्य वाहनों की भरमार हो गई है। जिससे शहर व क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को भारी खतरा है।

बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं है। बिना नंबर की बाइक का प्रयोग कर असामाजिक तत्व चोरी व नशा तस्करी की वारदातों को अंजाम देते है। शहर निवासी राजेशए संदीप सैनी, राजीव कांबोज, पवन कुमार, मोहनलाल, अरुण, सचिन आदि ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार में बिना नंबर की बाइकों को घूमते हुए देखा जा सकता है। जिससे शहर के लोगों की सुरक्षा राम भरोसे हो गई है। शहर में नशा तस्करी में संलिप्त लोग भी बिना नंबर की बाइको का प्रयोग कर रहे है। वहीं चेन स्रेचिंग की घटनाओं को भी बिना नंबर की बाइको पर अंजाम दिया जाता है। असामाजिक तत्व सरेआम किसी के भी साथ मारपीट कर बिना नंबर प्लेट की बाइक के निकल जाते है। असामाजिक तत्वों को पुलिस कार्रवाई का कोई भय नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि पुलिस बिना नंबर प्लेट की बाइको के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करे। इस बारे थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर आनंद प्रकाश ने बताया कि शहर के लोगों की सुरक्षा उनके लिए महत्वपूर्ण है। बिना नंबर प्लेट की बाइक चालको के विरूद्ध पुलिस समय समय पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई कर रही है।

## सरेराह महिला के साथ छेड़छाड़

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने रास्ते में रोककर महिला के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी काफी दिन से महिला का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की एक कालोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि एक युवक काफी दिन से उसका पीछा कर रहा था। जब भी वह घर से बाहर जाती उसका पीछा करना शुरू कर देता। उसने कई बार आरोपी की इस हरकत को नजर अंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकत से बाज नहीं आया। महिला ने बताया कि 17 अप्रैल को वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी राहुल ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसके विरोध करने पर आरोपी वहां से फरार हो गया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। जिला परिषद कार्यालय में आयोजित स्वयं गणना प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## स्वयं गणना के लिए आम जनता में फैलाएं जागरूकता : कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला परिषद कार्यालय यमुनानगर में स्वयं गणना के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने शिविर का शुभारंभ किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि स्वयं गणना प्रशिक्षण शिविर में समस्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, हरियाणा आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, आईडब्लूएमपी, बाल विकास विभाग व वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयं गणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी को स्वयं गणना 30 अप्रैल तक करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा मौके पर ही पोर्टल पर अपनी स्वयं गणना दर्ज कराई गई। उन्होंने शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों को जनता को स्वयं गणना के लिए जागरूक करने बारे निर्देश दिए गए। उन्होंने जनता से आहवान किया कि वह भी स्वयं गणना में भाग लेकर जन भागीदारी बढ़ाए जाने के लिए आहवान किया।

---

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव, बावा लाल जी की मासिक दूज को लेकर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं बावा लाल जी की मासिक दूज को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। मंदिर के आचार्य गोपाल राज ने इस दौरान श्रद्धालुओं को बावा लाल जी की मासिक दूज व भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए सभी के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम त्रेता युग रामायण काल, में एक ब्राह्मण ऋषि के यहां जन्मे थे। जो भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं।

पौराणिक वृत्तान्तों के अनुसार उनका जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरूप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को मध्यप्रदेश के इंदौर जिला में ग्राम मानपुर के जानापाव पर्वत में हुआ था। उन्होंने कहा कि वे भगवान विष्णु के आवेशावतार हैं। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाए। वे जमदग्नि का पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण वे परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं चीक के आश्रम में प्राप्त होने के साथ ही महर्षि चीक से शार्ङ्ग नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्मर्षि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मन्त्र प्राप्त हुआ।

तदनन्तर कैलाश गिरिश्रृंग पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया। शिवजी से उन्हें श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवचए स्तवराज स्तोत्र एवं मन्त्र कल्पतरु भी प्राप्त हुए। चक्रतीर्थ में किये कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हें त्रेता में रामावतार होने पर तेजोहरण के उपरान्त कल्पान्त पर्यन्त तपस्यारत भूलोक पर रहने का वर दिया। उन्होंने कहा कि परशुरामजी का उल्लेख रामायणए महाभारतए भागवत पुराण और कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रन्थों में किया गया है। वे अहंकारी और धृष्ट हैहय वंशी क्षत्रियों का पृथ्वी से 21 बार संहार करने के लिए प्रसिद्ध है। वे धरती पर वैदिक संस्कृति का प्रचार.प्रसार करना चाहते थे।

# घर में घुसे चोर, उठा ले गए सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव जठलाना में चोरों ने घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जठलाना निवासी रितेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल को रात के समय वह खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो गया था। सुबह जब उठे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। पेटी खुली थी। जांच करने पर पेटी से एक जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी झुमकी, गैस सिलेंडर, कुछ रुपये तथा अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### फैक्ट्री से एल्यूमिनियम की 80 चादरें चोरी

शहर की हरिप्रसाद कॉलोनी निवासी संजीव गर्ग ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बाडी माजरा में सरस्वती पेट्रोल पंप के पास सरस्वती इंडस्ट्रीज के नाम से फैक्ट्री है। फैक्ट्री में एल्यूमिनियम की चादर रखी हुई है। चोरों ने 14 अप्रैल की रात को फैक्ट्री में घुसकर वहां से 80 एल्यूमिनियम की चादर चोरी कर ली। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। जब वह अगले दिन फैक्ट्री में पहुंचा तो उसे वहां से एल्यूमिनियम की चादर गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## गोदाम से नट बोल्ट के आठ कट्टे चोरी

- अंबाला रोड जगाधरी स्थित गोदाम में 17 अप्रैल की रात हुई चोरी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**यमुनानगर।** मॉडल टाउन निवासी अमन तलुजा ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका अंबाला रोड जगाधरी में गोदाम है। 17 अप्रैल को रात आठ बजे वह गोदाम से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह गोदाम पर पहुंचा तो गोदाम से नट बोल्ट के आठ कट्टे चोरी मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर गांव की ही एक युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे उसकी 19 वर्षीय लड़की गांव में ही किसी काम से गई थी। काफी देर होने के बाद भी वापस नहीं लौटी तो घर वालों को चिंता सताने लगी। वे उसकी तलाश में निकले, लेकिन काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। लोगों से पूछताछ करने के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव का ही काका शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

**संकीर्तन**

### साध्वी नीलम भारती ने संगत को गुरु की दिव्य सत्ता का समझाया महत्व

# दिव्य सत्ता का प्रकट होना मानव जाति के लिए वरदान

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में आयोजित किया संत संकीर्तन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में गुरु की दिव्य सत्ता के महत्व को बताते हुए साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत। *फोटो : हरिभूमि*

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने गुरु की दिव्य सत्ता के महत्व को समझाया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि यदि इस संसार में कहीं परमात्मा है तो वह गुरु रूप में विद्यमान है। हम कहते हैं कि जीवन देने वाला, संसार को चलाने वाला और विनष्ट करने वाला भी परमात्मा है। अब इसी तथ्य को आधार बनाकर हम यदि विचार करें कि गुरु का हमारे जीवन में परमात्मा जैसा ही स्थान है तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि हमें जन्म देने वाली माता जो हमारी प्रथम गुरू भी हैं। वह भी परमेश्वर का रूप हैं और हमारा पालन पोषण करने वाले पिता भी गुरू ही हैं जो हमें जीवन जीने का ढंग सिखाते हैं। हमारे जीवन में मिलने वाली सीख जहां से आती है उस स्रोत को गुरू कहा गया है। भगवान दत्तात्रेय जी ने चौबीस गुरु बनाए। जिनमें प्रकृति के पांचों तत्व, जीव जन्तु, बालक,स्त्री सभी को उन्होंने गुरु रूप में देखा। भगवान दत्तात्रेय जी ने समझाया कि यदि हमारे भीतर सच्चा शिष्यत्व है तो हम उस गुरु परमेश्वर को अपने आस पास खोज लेते हैं। क्योंकि गुरु एक स्थान पर सीमित रहने वाली सत्ता नहीं है । अपितु वह कण कण में विद्यमान अलौकिक शक्ति है। जो समय, स्थान और स्थिति के अनुसार साकार स्वरूप में प्रकट होकर संपूर्ण मानव जाति को सत्य और धर्म का संदेश देती है। साध्वी नीलम भारती ने बताया कि सभी शास्त्र ग्रंथों में गुरु को परमेश्वर कहा गया। क्योंकि उस दिव्य सत्ता का प्रकट होना संपूर्ण मानव जाति के लिए वरदान है। किन्तु वर्तमान काल में उपस्थित गुरु तत्व से केवल वे ही मनुष्य लाभान्वित हो पाते हैं जो अपना मिथ्या अहंकार त्यागकर उनकी शरणागत होते हैं और निरंतर गुरु आज्ञा में रहते हुए सत्यपथ के अनुगामी बनते हैं। गुरु सत्ता मन के विकारों का त्याग मांगती है और यह एक कटु सत्य है कि हम अपने मिथ्या अहंकार और मन के विकारों को कदापि छोड़ना नहीं चाहते। जब जीव के सन्मुख इस संसार की नश्वरता का सत्य सामने उजागर होता है तभी वह गुरु की ओर अग्रसर होता है। निरंतर ध्यान साधना के द्वारा अपने अंतःकरण की गहराई में उतरकर जब हम मन और माया की सीमाओं से परे जाकर उस दिव्य लोक में प्रवेश करते हैं तभी हमारे सम्मुख गुरु का परमेश्वर स्वरूप प्रकट होता है। हम गुरू सत्ता के महत्व को जान पाते हैं।



रादौर। शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल मेधावी बच्चों का सम्मान

**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरहेड़ी में मेधावी बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में स्कूल के चेयरमैन बलवंत सिंह ने भाग लिया। स्कूल के चेयरमैन बलवंत सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह में हालहि में सीबीएसई द्वारा घोषिद दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट अंक लेने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। चेयरमैन बलवंत सिंह ने कहा कि इस बार भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर व कड़ी मेहनत करके क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल की छात्रा वेदिका ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षरा व स्पर्श ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि प्रिया ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के स्टाफ सदस्यों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या रूही, कविता, उपप्राचार्या जाहिदा आदि ने इस शानदार उपलब्धि पर बच्चों को बधाई दी।

## भगवान परशुराम जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रम, धर्म और आस्था का गूंजा संदेश

# भगवान परशुराम के दिखाए धर्म के रास्ते पर चलने का आह्वान

### अशोक अरोड़ा ने समर्थकों संग किया पूजन, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भगवान परशुराम जयंती पर जिला भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने रेलवे रोड स्थित भगवान परशुराम चौक पर अपने समर्थकों सहित पहुंचकर भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके चरणों में नमन किया। इस अवसर पर श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्वार सभा द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय एवं छात्रावास के ब्रह्मचारियों ने विधिवत पूजन करवाया। अशोक अरोड़ा ने सभी देशवासियों को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने धरती से पाप और पापियों का नाश करने के लिए अवतार लिया। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अवतार परशुराम ने धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने हमेशा धर्म के रास्ते पर चलने की सीख दी, आज हम सभी को भगवान परशुराम के दिखाए धर्म के रास्ते पर चलते हुए देश और धर्म को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन एवं श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्वार सभा के पूर्व प्रधान जलेश शर्मा, सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजेश जोशी, विवेक भारद्वाज डब्बू, पूर्व एमसी गौरव शर्मा गौरी, एमके इंटरप्राइजिज के मालिक महेश शर्मा, विशाल मोदगिल, पवन कुमार लीला, अश्वनी शर्मा, सतीश शर्मा, गौरव शर्मा, नगर पार्षद परमवीर सिंह प्रींस, किरमिच के सरपंच रणबीर सिंह बूरा, राजीव शर्मा अच्चु स्वामी, नरकातारी के सरपंच मास्टर केहर सिंह, सुभाष मिजार्पुर, राजेश बंसल, सुरजीत पलवल, आर्यन, नवीन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



कुरुक्षेत्र। थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा अपने समर्थकों सहित भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

### जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ ने लगाया विशाल भंडारा



कुरुक्षेत्र। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से श्री ब्रह्मा मंदिर प्रांगण में स्थित भगवान श्रीपरशुराम मंदिर में अक्षय-तृतीय जयन्ती महापर्व ओंकार महायज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाय गया। ओंकार महायज्ञ में पूणार्हूति कुरड़ी वाले महाराजश्री द्वारा डाली गई। इस अवसर पर भगवान श्रीपरशुराम के स्वरूप को गंगाजल से स्नान कराकर सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। कीर्तन में गुरु-भजनों एवं श्रीपरशुराम जी की जीवन शैली का वर्णन कर परोपकार की भावना को संचारित किया गया। इस अवसर पर कुरड़ी वाले महाराजश्री ने प्रेरणा दी कि- हमारे हृदय में भगवान श्रीपरशुराम जी की परोपकार की भावना की शिक्षा लेते हुए दया,परोपकार एवं करुणा के साथ-साथ सर्वकल्याण की भावना जागृत होनी चाहिए ताकि वसुधैव कुटुंबम की भावना सार्थक हो।

### डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप



कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से गाँव भौर सैयदां में नि:शुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी एवं नसों से संबंधित जटिल रोगों जैसे : ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन स्ट्रोक, एनेरिज्म, सिर की चोट, मिर्गी, पार्किंसन, ट्राइगेमिनल न्यूराल्जिया तथा हाइड्रोसिफेलस आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य समय पर सही परामर्श देकर गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता फैलाना है। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में आयोजित इस 2090वें नि:शुल्क मेडिकल कैंप में कुल 106 रोगियों को नि:शुल्क परामर्श, जाँच एवं आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं।

### महापुरुष सर्वसमाज के होते हैं : जयभगवान शर्मा

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम सेवा समिति पिपली की तरफ से पिपली कस्बा में अक्षय तृतीय पर भगवान परशुराम जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन आयोजन से की गई।



कार्यक्रम में जयभगवान शर्मा पूर्व प्रत्याशी पेहवा विधानसभा मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुं। मुख्य अतिथि ने कहा कि परशुराम सेवा समिति पिपली के कार्यक्रम में वो हर वर्ष आते हैं और पिपली समिति की तरफ से उन्हें सदैव सानिध्य मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसेआयोजन मोहल्ला, गांव, जिला, प्रदेश ही नहीं ही पूरे विश्व में अनुयायियों द्वारा आयोजित किए जाते हैं और महापुरुष केवल एक समाज के नहीं होते बल्कि सर्वसमाज के होते हैं। हमें ऐसे महापुरुष और अवतारों के स्मारक स्थलों पर भी जाना चाहिए। इससे मानवता की शिक्षा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में डॉ राजीव अत्रे विशिष्ट अतिथि रहे। सभा के प्रधान शशि शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम मे मंच संचालक अजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर सतपाल शर्मा उपप्रधान, जयप्रकाश शर्मा खजांची, किरण शर्मा, विजय शर्मा, सतीश शर्मा, सुधीर शर्मा, मास्टर रामनिवास शर्मा, धन्ना राम शर्मा, डॉ सुरेश शर्मा, आनंद शर्मा, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, विकास शर्मा, रोहतास शर्मा, विवेक भारद्वाज डब्बू, हरिकेश जोशी, इंद्र शर्मा, रामपाल शर्मा, विजय शर्मा, अश्वनी शर्मा, भीमराज शर्मा आदि मौजूद रहे।



### भगवान परशुराम के आदर्श आज भी प्रासंगिक: आशीष चक्रपाणि

पिहोवा। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से मां सरस्वती तीर्थ के तट पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धालुओं द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर सुख-समृद्धि की कामना के साथ की गई।इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों, अतिथियों और नगरवासियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा हवन-यज्ञ में आहुति देकर पुण्य अर्जित किया।इसके बाद श्रद्धालु परशुराम चौक पहुंचे, जहां भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में पवन शर्मा पहलवान, नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा, ग्राम धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे, मंडल महामंत्री गुलशन शर्मा, अर्जुन त्यागी, धर्मवीर अत्री, मनमोहन चक्रपाणि, पार्षद रविकांत कौशिक, पार्षद जयपाल कौशिक, लक्की शर्मा, राकेश पुरोहित, डायरेक्टर पवन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष और वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया



तिथि को कहते हैं। वैदिक और पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षर तृतीया या अक्षय तीज कहा जाता है। भगवान विष्णु के छठे अवतार शस्त्र और शास्त्र के परम ज्ञाता, समता एवं न्याय के प्रतीक भगवान श्री परशुराम जी की जयंती की भगवान परशुराम सेवा समिति पिपली के सभी सदस्यों और भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। इस अवसर पर अशोक शर्मा, विवेक शर्मा डब्बू, अजय शर्मा, शशि शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, विजय शर्मा , सतीश शर्मा, राजकुमार शर्मा, आनंद शर्मा, सुरेश शर्मा , इंद्र शर्मा, राम निवास शर्मा, अश्वनी शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, डीडी कौशिक के इलावा गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पुजारी पंडित राहुल ने वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना के साथ यज्ञ करवाया। श्री दुर्गा देवी मंदिर की भजन मंडली ने संकीर्तन किया। उनको भी सम्मानित किया गया।

---

**खबर संक्षेप**



### बाल विवाह की रोकथाम के लिए मनाया सतर्कता दिवस

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया।

### नियमित रूप से लगाए सामुदायिक भंडारे

कुरुक्षेत्र। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के संरक्षण में, श्री अग्रसेन यूथ एसोसिएशन द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में श्रद्धालुओं, यात्रियों और जरूरतमंदों के लिए नियमित रूप से सामुदायिक भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल पंचायत के मार्गदर्शन में सेवा कार्यों और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। समाजसेवी प्रवीण गोयल, राकेश गोयल और मून लाइट ट्रेडर्स ने भंडारों के आयोजन में विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और आगंतुकों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसकी शुरूआत पारंपरिक विधि-विधान और प्रार्थनाओं के साथ हुई।

# समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच जरूरी

- यूरोथेलियल कैंसर के लक्षण और समय पर पहचान की अहमियत पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

देश के जाने-माने यूरोलॉजी रोबोटिक सर्जन डॉ. संतोष कुमार ने आज सेक्टर-8 स्थित हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप के निवास पर स्वास्थ्य जागरूकता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष नागपाल, डॉ. विक्रांत, गुरु नानक गीता कैलाश मेमोरियल फाउंडेशन के डॉ. अमित धीमान, नवीन कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. संतोष कुमार ने यूरोथेलियल कैंसर के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह कैंसर मूत्राशय, किडनी, मूत्रवाहिनी और मूत्रमार्ग को प्रभावित करता है और समय पर पहचान न होने पर घातक साबित हो सकता है। इसके प्रमुख लक्षणों में पेशाब में खून आना, जलन, बार-बार पेशाब आना,



पेट या पीठ में दर्द और अचानक वजन घटना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, रसायनों के संपर्क, बार-बार यूटीआई और पारिवारिक इतिहास इसके जोखिम को बढ़ाते हैं। 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए और समय-समय पर जांच करानी चाहिए। डॉ. संतोष कुमार ने स्वस्थ जीवनशैली पर बल देते हुए कहा कि रोजाना एक्सरसाइज, योगा और मेडिटेशन करें, धूप में कम से कम 25 मिनट बिताएं और रेड मीट से परहेज करें। समय पर जांच से न केवल खर्च कम होता है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर रहती है।

### जैन मंदिर में मनाया अक्षय तृतीया दान दिवस

थानेसर। श्री1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कुरुक्षेत्र में अक्षय तृतीया दान दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व जैन धर्म के अनुसार एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्रीआदिनाथ भगवान को राजा श्रेयांस ने इक्षुरस (गन्ने का रस) आहार में दिया। जैन धर्म अनुसार ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्री 1008 भगवान आदिनाथ को 6 मास उपवास के बाद आहार प्राप्त हुआ था। मंदिर के बाहर गन्ने का रस का वितरण किया गया। सभी धर्म प्रेमियों ने इस अवसर को बड़े उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अधिकांश सदस्य डॉ धर्मचंद, सुशील कुमार, डॉ आरके जैन, विजेंद्र जैन, इंजी एपी जैन, राज सिंह, हिमांशु, प्रदीप, अंकित प्रणय, श्रीमती सरिता जैन, शशि, किरण जैन, सुमन, जयश्री, पूनम, सीता, नीति, उषा जैन, विनीता उपस्थित रहे।

# नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में होगी सहायक सिद्ध : शर्मा

- महाराणा प्रताप स्कूल में एनसीएफ 2023 पर आधारित सीबीएसई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र (एमपीपीएस) में नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ) 2023 पर आधारित एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के 60 समर्पित शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और मधुर 'सरस्वती वंदना' के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमती रिधिमा बत्रा और सुश्री पूजा शर्मा ने शिक्षा के नए ढांचे और इसके महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन के अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिमा शर्मा ने पूरे एमपीपीएस परिवार की ओर से दोनों विशेषज्ञ वक्ताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

### दुष्यंत चौटाला के साथ कथित दुर्व्यवहार पर जेजेपी का तीखा विरोध, जांच की मांग तेज

कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेताओं ने हिसार सीआईए पुलिस अधिकारी द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। थानेसर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं युवा जिला प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह राठौर ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय सिंह की बढ़ती लोकप्रियता से घबराए विरोधी उन्हें इस प्रकार निशाना बना रहे हैं। यह न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। सूर्य प्रताप सिंह राठौर ने पार्टी की ओर से हरियाणा के डीजीपी और मुख्यमंत्री से इस मामले की निष्पक्ष विभागीय जांच कराने की मांग की। इस मौके पर जेजेपी थानेसर यूथ विंग के हल्का अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह राठौर ने भी इस प्रकरण को सियासी षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के हथकंडे ज्यादा समय तक नहीं चलेंगे और विरोधियों को इसका करारा जवाब मिलेगा। जेजेपी के हरियाणा प्रदेश महासचिव होशियार सिंह किरमिच ने कहा कि दुष्यंत चौटाला पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवी लाल के पदचिन्हों पर चलते हुए जनहित की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुष्यंत ने युवाओं और किसानों के बीच संघर्ष के दम पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है, जिसे कुछ विरोधी गलत तरीके से कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सरकार और उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले की गहन जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।




# युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

- युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आज एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गुरप्रीत सिंह ने सैकड़ों युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली, जो इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी अब जागरूक हो रही है और नशे के खिलाफ एक मजबूत आवाज उठाने को तैयार है। कार्यक्रम की शुरूआत एक जागरूकता रैली के साथ हुई, जिसमें युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर ह्लनशा छोड़ो, जीवन जोड़ोह्व और ह्लस्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्रह्व जैसे नारे लगाए। रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और समाज को इस बुराई के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया गया। गुरप्रीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में कई शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। शिक्षविद उदय राणा रैशन सहित सभी ने सदस्य भारतीय रेड क्रॉस गुरप्रीत सिंह कुरुक्षेत्र के इस प्रयास की सराहना की।



कुरुक्षेत्र। युवाओं को शपथ दिलाते समाजसेवी गुरप्रीत सिंह।

### भजन सम्राट नरेंद्र कौशिक के भजनों से सारा माहौल हुआ भक्तिमय

लाडवा। शनिवार देर सायं को लाडवा के शिवाला राम कुंडी में लाडले मेहंदीपुर वाले दे सेवा मंडल द्वारा श्रीबालाजी का भव्य जागरण करवाया गया जिसमें प्राचीन हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद द्वारा पूजन करवा कर बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्वलित की गई। ज्योत पंचमुखी हनुमान मंदिर बिलासपुर से लाई गई थी। भजन सम्राट नरेंद्र कौशिक ने बालाजी महाराज के भजनों के माध्यम से सारा माहौल भक्तिमय कर दिया तथा सभी उपस्थित हजारों श्रद्धालु भाव विभोर होकर भजनों पर थिरके लगें और हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अंजनी पुत्र सेवा मंडल ने संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान चप्पल व जूतों की सेवा प्रदान करके प्रशंसनीय कार्य किया। इस अवसर पर राहुल अरोड़ा, रामू सैनी, राजन कक्कड़, सुमित रोहिल्ला, सतीश धवन, अजय डबास, अंकित गुप्ता, मोहन लाल गर्ग, कशिश सचदेवा, रमन बजाज, कबीर सचदेवा, राजेश अरोड़ा, चौधरी जोगध्यान, विजय तनेजा, मुकेश शर्मा, जरनैल सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



लाडवा। बालाजी महाराज की ज्योत प्रचलित करते प्रसिद्ध पुजारी जगदंबा प्रसाद व अन्य।

### बिना लिखित समझौते के लेन-देन बड़ा जोखिम : एडवोकेट अंकित गुप्ता

कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आम नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में अधिकतर विवाद केवल इसलिए पैदा होते हैं क्योंकि लोग आपसी विश्वास के आधार पर लेन-देन कर लेते हैं, लेकिन उसे लिखित रूप में सुरक्षित नहीं करते। उन्होंने कहा कि चाहे वह उधार का पैसा हो, प्रॉपर्टी का सौदा हो, या कोई व्यापारिक समझौता—हर स्थिति में लिखित दस्तावेज/ एग्रीमेंट बनाना अत्यंत आवश्यक है। मौखिक समझौते बाद में विवाद की स्थिति में साबित करना कठिन हो जाता है, जिससे व्यक्ति को अनावश्यक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ती है। कानून जानिए सीरीज के अंतर्गत एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि भारतीय कानून में लिखित अनुबंध का विशेष महत्व है और इंडियन कांट्रैक्ट एक्ट, 1872 के तहत वैध अनुबंध के लिए स्पष्ट शर्तें, सहमति और प्रमाण आवश्यक होते हैं। उन्होंने कहा जहाँ कागज मजबूत होता है, वहाँ विवाद कमजोर पड़ जाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छोटे-छोटे लेन-देन में भी रसीद, एग्रीमेंट या लिखित पुष्टि भविष्य में आपके लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य बन सकती है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि लोग अक्सर कहते हैं ह्यहमने भरोसे में किया थाह्न, लेकिन कानून में भरोसे से ज्यादा महत्व सबूत का होता है।ह्व उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे हर महत्वपूर्ण लेन-देन को लिखित रूप दें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद से बचा जा सके।



## संजय गांधी पब्लिक स्कूल में लगा यूरोलॉजी मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : पवन गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

नगर में स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में एक भव्य यूरोलॉजी मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा व अनेक शिक्षण संस्थाओं के प्रधान पवन गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और नियमित स्वास्थ्य जांच से न केवल बीमारियों की समय रहते पहचान संभव है, बल्कि उनका प्रभावी उपचार भी किया जा सकता है। गर्ग ने बताया कि यह शिविर गुरु नानक गीता कैलाश मेमोरियल फाउंडेशन और संजय गांधी मेमोरियल सीनियर पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीजीआई चंडीगढ़ के यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं यूनिट-2 के प्रमुख विभाग अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में रहे। शिविर का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से किया गया। जिसके बाद पवन गर्ग, रविंद्र बंसल, हरिंदर सिंघल, सरदार मनदीप सिंह तूर, रेखा गर्ग, एडवोकेट योधराज बंसल, सुनील गर्ग एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. संतोष कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



**ये रहे मौजूद**

प्रधान ने पदाधिकारी व प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों सहित डॉक्टर आशुतोष और डॉक्टर विक्रांत का भी हार्दिक स्वागत किया। गर्ग ने विशेष रूप से लाडवा में सेवाएं दे रहे डॉ अमृत गर्ग, राधा कृष्ण अस्पताल, लाडवा का भी हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद किया। इस अवसर पर सरदार जितेंद्र सिंह गिल पूर्व निदेशक हरियाणा बीज निगम लिमिटेड, हरिंदर सिंघल, रविंद्र बंसल, रेखा गर्ग, सुनील गर्ग, वीना बंसल, सरदार मनदीप सिंह तूर, प्रदीप सहगल प्रधान श्री कृष्ण कृपा, सुभाष सहगल, सुभाष जिंदल, एडवोकेट योधराज बंसल, सुनील गर्ग, सरदार हरप्रीत सिंह चीमा, सरदार मनप्रीत सिंह चीमा, बाबा सुखदेव सिंह, धीरज वालिया, जगमेर, जयपाल पूर्व सरपंच बपदा, शमशेर सिंह बन, सुखदेव सैनी, रोनकी कश्यप बपदा, इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर कुशल पाल, संजय गांधी ओम प्रकाश मेमोरियल पब्लिक स्कूल सूजरा सुरेश सैनी, हिंदू हाई स्कूल लाडवा प्रधानाचार्य योगिता अहलूवालिया, रतन लालर, मुनी लाल, बाबा मनमोहन सिंह, जरनैल सिंह लोहारा, अनिल गुप्ता, राकेश अंकुश गुप्ता, मनोज सेतिया, और बुधराम इत्यादि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से टकरा पलटी कार, बाल-बाल बचे युवक

**जींद।** जींद में भिवानी रोड पर सड़क के बीचोंबीच एक मारुति कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार सभी पांचों युवक सकुशल रहे। काफी काफी देर तक कार सड़क के बीच पलटी रही। जिसमें पहिये ऊपर की तरफ हो गए और छत नीचे की तरफ हो गई। यह एक संयोग रहा कि कार में सवार सभी पांच युवक बाल-बाल बच गए। ये युवक एक शादी समारोह को अटेंड कर जींद की तरफ वापस लौट रहे थे। पूरा दिन यह घटना का चर्चा का विषय बनी रही।

### विधायक करेंगे विकास कार्यों का उद्घाटन आज

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 20 अप्रैल को उचाना हलके के नगूरां, अलेवा एवं खांडा गांव में विकास कार्यों के उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वो कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। विधायक के निजी सचिव अशोक कुमार ने बताया कि इससे पहले उचाना हलके के कई गांवों में 18 अप्रैल को 5.32 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया था। उचाना विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

### सीएससी में घुसकर किया दुकानदार को घायल

**जींद।** जाट कालेज की दुकानों में चलाई जा रही सीएससी में हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम नगर कालोनी निवासी संजय ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जाट कॉलेज की दुकानों में सीएससी खोली हुई है। हर दिन की तरह वह अपना काम कर रहा था। 17 अप्रैल को सायं नवीन उर्फ जीतू, अमर, रोहिल, राज, कमल ने तेजधार हथियार से दुकान पर आकर हमला कर दिया।

### धोखाधड़ी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** एटीएम बदल कर लोगों से धोखाधड़ी करने के दो आरोपितों को एवीटी स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के पास से 30 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस दोनों से धोखाधड़ी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि जुलाना निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पैसे निकालने को एटीएम में गया था।

### अवैध कब्जे करने पर नपा सचिव ने करवाया केस दर्ज

**जींद।** सफीदों नगर पालिका द्वारा एचडीएफसी बैंक के सामने नहर की पटरी के पास पिछले दिनों गली का निर्माण किया था। अब कुछ लोगों ने गली को उखाड़ कर अवैध कब्जे कर लिए। शहर थाना पुलिस सफीदों नपा सचिव की शिकायत पर चार के खिलाफ अवैध कब्जे करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना सफीदों को दी शिकायत में नपा के सचिव आशीष ने बताया कि पिछले दिनों बैंक के सामने नहर पटरी के पास गली का निर्माण करवाया गया था।

---

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास जारी

पूर्व विधायक ने पत्नी व ग्रामीणों के साथ सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

गांव काठे माजरा में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन सामूहिक रूप से सुना। यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ता जय भगवान के निवास पर आयोजित किया गया था जिसमें भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष राजेश बक्शी, सरपंच मायाराम, बिछा राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा व माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा प्रदेश की सदस्य ममता रानी तथा भाजपा नेत्री संतोष रानी भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में सशक्त प्रतिनिधित्व देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह संशोधन विधेयक कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों द्वारा पास नहीं होने दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आज जागरूक होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। डॉ. सैनी ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए समाज में जागरूकता फैलाएं और सकारात्मक बदलाव के लिए मिलकर कार्य करें।

## महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए समाज में जागरूकता फैलाएं

### हर गांव तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य ममता रानी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए नई आशा और अवसर लेकर आया है, यह संशोधन विधेयक विपक्षी दलों द्वारा पास नहीं होने दिया है, जिसके लिए देश की महिलाएं इन दलों को कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने महिलाओं से संगठित होकर शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश की प्रगति में महिलाओं की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और समाज को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



अंबाला। पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनते ग्रामीण व पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी। फोटो: हरिभूमि

---

## अंबाला छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# एमसीए का परीक्षा परिणाम जारी गुरप्रीत-स्मृति मान ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

**विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से कॉलेज परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल**

अंबाला छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के परिणामों में इस वर्ष शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन से कॉलेज परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल है। विभाग की छात्रा गुरप्रीत कौर का 9.07 सीजीपीए रहा जबकि स्मृति मान का 9.00 सीजीपीए रहा। दोनों छात्राओं ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विभाग और कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है।





बाजी मारने वाली छात्राएं।

### बधाई दी

इस सफलता पर कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन कौर तथा विभागाध्यक्ष श्याम राहेजा ने कहा कि इस उपलब्धि में विभाग के सभी शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। नियमित कक्षाओं, अतिरिक्त अभ्यास सत्रों, मेंटरिंग तथा व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित किया गया, जिसका परिणाम आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

# तनाव से निपटने के टिप्स बताए

- तनाव प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अंबाला छावनी के दशहरा ग्राउंड में 17 से 23 मई सांय 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री राम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसके प्रचार हेतु कोचिंग सेंटर अंबाला कैंट में तनाव प्रबंधन विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी योगेशानंद ने बताया कि तेजी से बदलते और प्रतिस्पर्धात्मक युग में तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। यह न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। तनाव एक ऐसी मानसिक और शारीरिक प्रतिक्रिया है जो हम विभिन्न चुनौतियों और दबावों के समय अनुभव करते हैं। तनाव का प्रभाव इस पर निर्भर करता है कि उसे किस प्रकार से प्रबंधित किया जाता है। सकारात्मक तनाव हमारे जीवन में प्रेरणा और उत्साह ला सकता है जबकि नकारात्मक तनाव अगर नियंत्रित नहीं किया जाए तो स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है।



अंबाला। छात्रों को संबोधित करते स्वामी योगेशानंद। फोटो: हरिभूमि

### आत्मविश्वास दृढ़ हो

स्वामी ने तनाव प्रबंधन के लिए कुछ प्रभावी सुझाव भी दिए। जैसे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, अपनी दिनचर्या को योजनाबद्ध ढंग से व्यवस्थित करें और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें। नकारात्मक विचारों को सकारात्मक दृष्टिकोण से बदलने की कोशिश करें। शारीरक रूप में तनाव से निपटने के लिए बुरी से बुरी परिस्थिति में और जीवन के उतार-चढ़ाव में खुद को सक्षम बनाना चाहते हैं तो हमें जरूरत है कि हमारा आत्मविश्वास दृढ़ हो पर ये तभी संभव है जब हम आत्म-साक्षात्कार कर खुद को पहचान जाएं।

---

# शहर की बुनियादी समस्याओं का समाधान मुख्य उद्देश्य : कुलविंद्र

- कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी ने पत्रकारों से की बातचीत
- अंबाला शहर की सभी समस्याओं से अच्छी तरह से परिचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी। फोटो: हरिभूमि

नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की मेयर पद की उम्मीदवार कुलविंद्र कौर सैनी ने कहा कि अंबाला शहर की बुनियादी समस्याओं का समाधान हो इस उद्देश्य से वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। कुलविंद्र रविवार को मीडिया से बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर कांग्रेस उम्मीदवार के पति व कांग्रेसी नेता कृपाल सिंह सैनी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष समेत कई कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहे। उन्होंने मेयर प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस हाईकमान व प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी सैलजा, सांसद वरुण चौधरी, विधायक चौधरी निर्मल सिंह सहित कांग्रेस से जुड़े हुए सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह अंबाला शहर की सभी समस्याओं से अच्छी तरह से परिचित हैं।

शहर के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से ही वह चुनावी मैदान में उतरी हैं। मेयर उम्मीदवार के पति व कांग्रेसी नेता कृपाल सिंह सैनी ने बहुत ही अच्छे ढंग से मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि शहर के विकास व शहर वासियों की नगर निगम से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के लिए उनके पास एक रोड मैप तैयार है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद मैं शहर की जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि नगर निगम से जुड़ी कोई भी समस्या शेष नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी की समस्या का भाजपा यह कहकर पल्ला झाड़ती रही है कि अंबाला शहर कटोरे की भांति है। उन्होंने कहा कि इच्छा शक्ति होनी चाहिए सब समस्याएं हल की जा सकती हैं। उन्होंने नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार पर भी जमकर निशाना साधा।

### ये रहे मौजूद

सैनी दंपति ने मीडिया के माध्यम से शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि एक बार हमें सेवा का मौका देकर देखिए हम शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में हरियाणा में पहले नंबर पर लेकर आएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमीषा चावला, एडवोकेट मिथुन वर्मा, रोहित शर्मा विशु, प्रतीक चौधरी व किरण राणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---





जींद। कैंप में सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### 37 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

**जींद।** भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा द्वारा निशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जांच शिविर डा. अनिता नरूला चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा की गई। इस जांच शिविर में महिलाओं में हो जाने वाले स्तन कैंसर को जांचा। शाखा के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने बताया कि इस जांच शिविर में शहर की तकरीबन 37 से अधिक महिलाओं की जांच की गई। शाखा सचिव परमवीर सिंह ने बताया कि भूतेश्वर शाखा जींद ने अनेक तरह के मेडिकल शिविरों द्वारा शहरवासियों की स्वास्थ्य की चिंता करती है। इस शिविर के प्रकल्प प्रमुख डा. प्रमोद बंसल द्वारा जांच टीम की व्यवस्था की गई। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा जींद जनहित के विभिन्न सेवा प्रकल्पों द्वारा शहर में कार्य कर रही है। शाखा अध्यक्ष अतुल गर्ग, शाखा सचिव परमवीर सिंह, शाखा कोषाध्यक्ष केशव गर्ग, शाखा महिला प्रमुख नीतू आदि मौजूद रहे।

# स्वगणना शुरू, 30 तक खुला रहेगा पोर्टल: डीसी

## खुद भरें परिवार व मकान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

**पहली बार डिजिटल प्रक्रिया से जनगणना**

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि स्वगणना शुरू हो गई है। 30 अप्रैल 2026 तक ये पोर्टल खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि पहली बार डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से जनगणना का कार्य किया जा रहा है। इसलिए सभी लोग आगे आकर इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देते हुए जनगणना के कार्य को शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि स्व जनगणना के लिए पोर्टल पर जाएं और अपने और अपने परिवार, मकान व अन्य जानकारी स्वंय ही दर्ज करें। इस प्रक्रिया को करने में मात्र 15-20 मिनट का समय लगता है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप घर बैठे ही अपनी इच्छा से अपने व अपने परिवार, आवास और अन्य जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भले ही भविष्य में प्रगणक आपके निवास पर आएगा लेकिन आप अग्रिम तौर पर ही अपनी जानकारी स्वंय भरकर प्रस्तुत कर दें। इस प्रक्रिया के लिए आप घर बैठकर ही मोबाइल व इंटरनेट का पूरा प्रयोग करते हुए इस कार्य को सुगमता से कर सकते हैं। उपायुक्त ने जिले के सभी वासियों से अपील की सभी स्वगणना के महत्व को समझें। पोर्टल 30 तक खुला रहेगा।

# बच्चों को लेकर मां रहस्यमयी स्थिति में लापता, पुलिस ने दर्ज किया केस

- पति बोला-कई दिन से चल रही है तलाश, सुराग न मिलने पर पुलिस को दी शिकायत
- पुलिस की टीमें अलग-अलग दिशाओं में काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एक ही परिवार के तीन सदस्य पत्नी, जवान बेटी और बेटा 12 दिनों से रहस्यमयी ढंग से लापता हैं। घर से अचानक गायब हुए इस परिवार का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। महिला के पति की शिकायत पर बलदेव नगर चौकी पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। जग्गी गार्डन के संदीप सिंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनका वैवाहिक जीवन पिछले 20 वर्षों से सुखद चल रहा था। उन्होंने कहा कि ₹7 अप्रैल को उसकी पत्नी शरणजीत कौर, बेटी खुशप्रीत कौर और बेटा अश्मीत सिंह अचानक घर से कहीं चले गए हैं। उसने बताया कि उसने अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारों, सगे-संबंधियों और जान-पहचान वालों के यहां उनकी काफी तलाश की और हर संभावित जगह पर पूछताछ की, लेकिन परिवार का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। काफी मशक्कत के बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस की टीमें अलग-अलग दिशाओं में काम कर रही हैं और जल्द ही परिवार को सकुशल ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। सभी थाना क्षेत्रों और कंट्रोल रूम को लापता सदस्यों का हुलिया व विवरण भेज दिया गया है।

### मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच जारी

संदीप सिंह ने बताया कि पत्नी, बेटा व बेटी का चेहरा गोल है और रंग गेंहुआ व गोरा है। वे अपने स्तर पर काफी तलाश कर चुके हैं। उनको परिवार के साथ अनहोनी की आशंका सता रही है। पुलिस का कहना है कि परिवार 7 अप्रैल से लापता था लेकिन संदीप सिंह ने पहले अपने स्तर पर खोजबीन की और 17 अप्रैल को पुलिस चौकी में इसकी सूचना दी। शिकायत मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत केस दर्ज कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मोबाइल लोकेशन के आधार पर भी जांच की जा रही है।

---

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को, कई तरह के विवादों पर होगी सुनवाई

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, इस कड़ी में आगामी 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वैवाहिक, परिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, और पेंसन मामलों का निपटारा होगा। जिला न्यायालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाएगा। इसमें पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि लोगों तक इसकी अधिक से अधिक जानकारी पहुँच सके और ज्यादा से ज्यादा लोग इस लोक अदालत का फायदा ले सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## महाराज ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित, श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

# जीवन में सच्चे सुख की प्राप्ति भक्ति, ज्ञान वैराग्य के संतुलन से ही संभव: गोपालदास

वैराग्य का तात्पर्य संसार का त्याग करना नहीं, बल्कि उसके प्रति आसक्ति को त्यागना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

श्री सिद्ध किराना सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को जैन कॉलेज के पीछे रविदास माजरी रोड स्थित गद्दी सिद्ध किराना मंदिर में शुभारंभ हो गया। कथा व्यास सहारनपुर से पधारे गद्दी सिद्ध किराना के पीठाधीश्वर बाबा गोपालदास महाराज ने कहा कि जब भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों का समुचित समन्वय जीवन में स्थापित हो जाता है, तब व्यक्ति न केवल आध्यात्मिक उन्नति करता है बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी एक आदर्श जीवन जीता है। यही कारण है कि श्रीमद भागवत कथा को "जीवन का सार" कहा जाता है। उन्होंने भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भागवत कथा महात्म्य में भक्ति को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। भक्ति वह शक्ति है जो मनुष्य को ईश्वर से जोड़ती है और उसके भीतर प्रेम, समर्पण तथा श्रद्धा का संचार करती है। भागवत में वर्णित विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि जब व्यक्ति निष्काम भाव से भगवान का स्मरण करता है, तो उसके जीवन के कष्ट स्वतः ही कम होने लगते हैं। भक्ति व्यक्ति के हृदय को निर्मल बनाकर उसे आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि ज्ञान के अभाव में भक्ति अधूरी मानी गई है, क्योंकि ज्ञान ही व्यक्ति को सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म का विवेक प्रदान करता है। श्रीमद्भागवत में ऋषि-मुनियों के संवादों और उपदेशों के माध्यम से यह समझाया गया है कि ज्ञान के बिना भक्ति अंधविश्वास का रूप ले सकती है।



अंबाला। कथा में मौजूद महिला श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### श्रीमद भागवत कथा आज भी प्रासंगिक

बाबा गोपाल दास जी महाराज ने कहा कि वैराग्य को इस त्रिवेणी का तीसरा और महत्वपूर्ण स्तंभ माना गया है। वैराग्य का तात्पर्य संसार का त्याग करना नहीं, बल्कि उसके प्रति आसक्ति को त्यागना है। जब व्यक्ति भक्ति और ज्ञान के प्रभाव में आता है, तब उसके भीतर स्वतः ही वैराग्य का भाव उत्पन्न हो जाता है। यह वैराग्य उसे लोभ, मोह और अहंकार से दूर रखकर संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वैराग्य के बिना मनुष्य स्थायी शांति प्राप्त नहीं कर सकता। श्रीमद भागवत कथा आज के आधुनिक और तनावपूर्ण जीवन में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी प्राचीन काल में थी। यह मानव को आंतरिक शांति, नैतिकता और सच्चे सुख की प्राप्ति का मार्ग दिखाती है, जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के संतुलन से ही संभव है।